छत्तीसगढ़ शासन

लोकः समस्ताः सुखिनो भवन्तु



विष्णु की पाती

छत्तीसगढ़ के जन-मन के लिए

सुशासन का 1 साल
छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल

Get Latest CMO Chhattigarh Feed@

Scan QR

विष्णु की पाती
छत्तीसगढ़ के जन-मन के लिए

प्रिय.. .

जय जोहार

आशा है आप सपरिवार कुशल होंगे। इस बार भी ईश्वर ने हम किसानों पर खूब आशीष बरसाया है। खरीफ की अच्छी पैदावार के लिए आपको बहुत-बहुत बधाई। आपके आशीर्वाद से आपकी सरकार ने सेवा का एक वर्ष पूरा कर लिया है।

अन्नदाता किसान भाईयों की खुशहाली और समृद्धि हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। पिछले साल शपथ ग्रहण के एक पखवाड़े के भीतर ही हमने धान के दो वर्ष के बकाया बोनस की राशि देने के साथ ही यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की गारंटी के मुताबिक हमने 3,100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदा। परिणाम स्वरुप पिछले वर्ष रिकार्ड क़ीमत पर, रिकार्ड समय में, रिकार्ड 145 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई। बीते खरीफ सीजन में हमने किसान भाईयों के खाते में करीब 49 हजार करोड़ रुपए की राशि अंतरित की।

मैं 10 वर्ष की आयु से ही खेती-किसानी कर रहा हूँ। अपनी व्यस्तता के बावजूद इस बार भी मैंने अपने गांव 'बगिया' में बीज बोने की रस्म निभायी। मुझे खुशी है कि मैं अपने किसान भाईयों को उनकी मेहनत और उपज का वाजिब मूल्य दिला पा रहा हूं। आपके चेहरे की मुस्कान ही हमारी संतुष्टि है।

कृषि को समृद्ध और उन्नत बनाने के लिए हमारी सरकार काम कर रही है। केंद्र और राज्य सरकार दोनों ने ही कृषि के बजट में वृद्धि की है। यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के विकसित भारत का यह सपना अन्नदाताओं को समृद्ध बना कर ही पूरा होगा।

आप सभी को आगामी नववर्ष की शुभकामनाएं

आपके स्नेह और समर्थन का सतत् आंकाक्षी

आपका

विष्णु देव साय

मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

सुशासन का 1 साल छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल

लोकः समस्ताः सुखिनो भवन्तु